**संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें**
**मध्यप्रदेश**

क्रमांक/9/नर्सिंग/सेल–1/2014/ भोपाल, दिनांक : /1/2015

## -: आदेश :-

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें मध्यप्रदेश के आदेश क0 9/नर्सिंग/सेल 1/2014/1194 दिनांक 1.12.2014 के द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रदेश में कार्यरत निम्नलिखित स्टॉफ नर्स जो बी.एस.सी. नर्सिंग उपाधि/डिप्लोमा इन पब्लिक हैल्थ नर्सिंग ऐज्यूकेशन/पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग धारण रखते है, उन्हे सिस्टर ट्यूटर/पब्लिक हैल्थ ट्यूटर के पद पर वेतनमान बैड पी.बी.–01 (5200–20200) + ग्रेड पे 2800 में पदोन्नत कर निम्नलिखित कर्मचारियों को महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र जिला छतरपुर के अधीन आवंटित किया गया था। सी.एम.ओ. छतरपुर के अधीन पद रिक्त न होने की स्थिति में पदोन्नत कर्मचारियों का पदस्थापना स्थान मे संशोधन निम्नानुसार किया जाता है। शेष शर्तें पूर्ववत यथावत रहेगी।

| क | कर्मचारी का नाम | जाति | स्टॉफ नर्स के पद पर प्रथम नियुक्ति दिनांक | पदस्थापना स्थल का नाम | पदोन्नति पश्चात् पूर्व में पदस्थापना स्थान | संशोधन उपरांत पदस्थापना जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति आशालता सिंह | सामान्य | 15.2.1983 | जिला चिकि. छतरपुर | एम.पी.डब्ल्यू. प्रशिक्षण केंद्र छतरपुर | एम.पी.डब्ल्यू. प्रशिक्षण केंद्र पन्ना। |
| 2 | श्रीमति सपना खरे | सामान्य | 5.02.1999 | एम.पी.डब्ल्यू. प्रशिक्षण केंद छतरपुर | पी.एम.एम. प्रशिक्षण केंद्र छतरपुर | एम.पी.डब्ल्यू. प्रशिक्षण केंद्र पन्ना |

आयुक्त स्वास्थ्य द्वारा अनुमोदित।

(डॉ. जे.एल.मिश्रा)
संचालक (नर्सिंग)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

पृ.क्र. 9/नर्सिंग/सेल--1/2015/90 भोपाल, दिनांक 28/1/2015

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. निज सचिव, आयुक्त स्वास्थ्य मध्यप्रदेश।
2. संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें सागर संभाग सागर मध्यप्रदेश।
3. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला छतरपुर के पत्र क0 17380/स्था./नर्सिंग/2014 दिनांक 7.12.2014 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला पन्ना की ओर भेजकर लेख है कि उपरोक्त कर्मचारियों को कार्य पर उपस्थित कराते हुये संचालनालय को अवगत करावें।
5. श्री पी.सी. थामस स्थानीय कार्यालय की ओर भेजकर लेख है कि उक्त जानकारी को विभाग की वेबसाईड पर प्रसारित करने का कष्ट करें।

10

5. श्रीमति आशालता सिंह स्टॉफ नर्स जिला चिकि. छतरपुर की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि पदस्थापना स्थल पर आप अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से देवे अन्यथा आपसे कनिष्ठ कर्मचारी को पदोन्नत करते हुये पदस्थ किया जावेगा।
6. श्रीमति सपना खरे स्टॉफ नर्स एम.पी.डब्ल्यू. प्रशिक्षण केंद्र छतरपुर की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि पदस्थापना स्थल पर आप अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से देवे अन्यथा आपसे कनिष्ठ कर्मचारी को पदोन्नत करते हुये पदस्थ किया जावेगा।
7. आदेश नस्ति 2015

संचालक (नर्सिंग)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश